Roll No. …………………..

# DPHCN–03

## Food Hygiene and Sanitation

(खाद्य स्वच्छता और सफाई)

Diploma in Public Health & Community Nutrition
(DPHCN–10/16)

First Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 35**

नोट : यह प्रश्न पत्र पैंतीस (35) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े सात $7\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भोजन के खराब होने के विभिन्न कारणों का वर्णन कीजिए।
2. सूक्ष्म जीवों द्वारा संदूषित भोजन खाने से पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

3. अंकुश क्रीम ग्रसन (ऐन्किलोस्टोमता) किस अवस्था का रोग है ? यह किस प्रकार फैलता है ? इसकी रोकथाम एवं नियंत्रण के उपाय बताइये।
4. खाद्य मिलावट एवं रोकथाम सम्बन्धी अधिनियम के क्या उद्देश्य हैं ? किन्हीं तीन अधिनियमों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए ढाई $2\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. संक्रमण के अप्रत्यक्ष संरचण की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।
2. भोज्य पदार्थों के बैक्टीरिया एवं फफूँदी से बचाव के उपायों पर चर्चा कीजिए।
3. रासायनिक संदूषण का स्वास्थ्य पर क्या हानिकारक प्रभाव पड़ता है ? व्याख्या कीजिए।
4. पेचिश के कारण, नियंत्रण एवं रोकथाम के उपायों का वर्णन कीजिए।
5. एफ्लौटाक्सिकोसिस क्या है ? यह कैसे होता है ? इसकी रोकथाम के उपायों का वर्णन कीजिए।
6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

   (अ) कूड़े के निपटारण के चरण

   (ब) जल शुद्धिकरण

7. विषाणुओं तथा जीवाणुओं से होने वाली दो-दो बीमारियों के नाम लिखिए तथा इनके लक्षणों का वर्णन कीजिए।

8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

   (अ) खाद्य विषाक्तता

   (ब) स्वस्थ शरीर एवं दिमाग के लिये आराम, नींद तथा व्यायाम की भूमिका

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य बताइये :

1. पानी में व्याप्त 90% अशुद्धियाँ 24 घंटे में अपने आप नीचे बैठ जाती हैं।
2. ओजोनीकरण, जल शुद्धिकरण का एक तरीका नहीं है।
3. जल शुद्धिकरण में पराबैंगनी विकिरण (ultraviolet irradiation) प्रक्रिया भी क्लोरीनीकरण प्रक्रिया का पूरक है।
4. जमीन में दबाना, कूड़ा निपटारण की एक विधि है।
5. एस्परजिलस (aspergillus) नामक फँफूदी से उत्पन्न होने वाले विषैले पदार्थों को एफ्लाटॉक्सिन नहीं कहते हैं।

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

6. बाजरा, गेहूँ, ज्वार व राई में .............. की फफूँदी पायी जाती है।
7. जल्दी खराब हो जाने के बाद खाद्य पदार्थों के खरीदने के तुरन्त बाद .............. करना चाहिये।

8. खाद्य मिलावट एवं रोकथाम सम्बन्धी कानून (PFA) ............ में लागू किया गया।

9. ................ वायरस शिशुओं और बच्चों में अतिसार का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है।

10. विब्रियो कॉलरी नामक जीवाणु से ............. रोग होता है।